# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

## फरवरी-अप्रैल, 2008 सत्र

**मंगलवार, दिनांक 4 मार्च, 2008**

## तारांकित प्रश्नोत्तर

जिला राजनांदगांव में सर्व शिक्षा अभियानान्तर्गत आवंटित एवं व्यय राशि

1. (*क्र. 922) **श्री उदय मुदलियार :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजनांदगांव जिले में सर्व शिक्षा अभियान के तहत वर्ष 2005-06, 2006-07 एवं 2007-08 में कुल कितनी राशि प्राप्त हुई ? (ख) प्राप्त आवंटन से किन-किन मदों में कितनी-कितनी राशि खर्च की गई, वर्षवार जानकारी देवें ? (ग) सर्व शिक्षा अभियान के तहत शाला भवन निर्माण किस एजेंसी द्वारा किया जा रहा है ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चन्द्राकर) : (क) वर्षवार प्राप्त राशि निम्नानुसार है :—

| 2005-2006 | 2006-2007 | 2007-2008 |
|---|---|---|
| रु. 1568.715 लाख | रु. 2625.535 लाख | रु. 2522.086 लाख |

(ख) जानकारी परिशिष्ट पर † संलग्न है. (ग) निर्माण एजेंसी "ग्राम निर्माण समिति", "जनभागीदारी एवं शाला विकास समिति", "वार्ड निर्माण समिति"/"नगर पंचायत" है.

राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना हेतु चयनित ग्राम

2. (*क्र. 605) **श्री चन्द्रभान बारमते :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत मुंगेली विधान सभा क्षेत्र के कितने ग्रामों का चयन किया गया है ? (ख) प्रश्नांश "क" के अंतर्गत इन ग्रामों हेतु कितने-कितने विद्युत खम्भों/ट्रांसफार्मरों की स्वीकृति प्रदान की गई है ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत मुंगेली विधान सभा क्षेत्र के सभी 325 ग्रामों का चयन किया गया है. (ख) राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत ग्रामों में विद्युतीकरण हेतु खंभों की संख्या नहीं अपितु विद्युत लाईनों एवं ट्रांसफार्मरों का प्रावधान रखा गया है, जिनकी स्वीकृति प्रदान की गई है. तदनुसार प्रश्नांश (क) के उत्तर में उल्लेखित ग्रामों में विद्युतीकरण हेतु, उक्त स्वीकृत योजना में कुल 90.10 कि.मी. 11 के. व्ही. लाईन, 106.88 कि.मी. निम्नदाब लाईन एवं 137 ट्रांसफार्मर लगाने का प्रावधान है.

विभाग द्वारा किया गया वृक्षारोपण

3. (*क्र. 770) **श्री गणेशशंकर बाजपेयी :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बलौदा बाजार विकासखण्ड एवं भाटापारा विकासखण्ड में किन-किन स्थानों में जेट्रोफा (बगरंडा) का वृक्षारोपण किया गया है ? (ख) दोनों विकासखण्डों में उक्त वृक्षारोपण के लिए कितनी-कितनी राशि मंजूर की गई ? वृक्षारोपण के लिए कहां-कहां से पौधे प्राप्त किये गये ?

---

† परिशिष्ट "एक"

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) बलौदा बाजार विकासखण्ड के 13 स्थानों एवं भाटापारा विकासखण्ड के 12 स्थानों में जेट्रोफा (बगरंडा) का वृक्षारोपण किया गया है. विकासखण्डवार, स्थानवार जेट्रोफा (बगरंडा) वृक्षारोपण की जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" में दर्शाई गई है. (ख) बलौदा बाजार विकासखण्ड में रुपये 40.553 लाख एवं भाटापारा विकासखण्ड में रुपये 42.473 लाख की राशि उक्त वृक्षारोपण के लिये मंजूर की गई. वृक्षारोपण हेतु प्राप्त पौधों के स्रोतों का विवरण † संलग्न प्रपत्र "ब" में दर्शाया गया है.

विधान सभा क्षेत्र कटघोरा के ग्रामों तथा मजरे/टोलों का विद्युतीकरण

4. (*क्र. 532) **श्री बोधराम कंवर** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2007-2008 में विधान सभा क्षेत्र कटघोरा जिला कोरबा के किन-किन ग्रामों के मजरे/टोलों में किन-किन योजनाओं से विद्युतीकरण किया जाना प्रस्तावित है ? विकासखण्डवार जानकारी दें ? (ख) उक्त में से किन-किन मजरे/टोलों का 31-1-2008 तक विद्युतीकरण किया जा चुका है ? शेष का विद्युतीकरण कब तक किया जा सकेगा ? (ग) उक्त विधान सभा क्षेत्र में कितने ग्रामों के मजरे/टोले ऐसे हैं, जिनकी जनसंख्या 100 से अधिक है, तथा जिनका विद्युतीकरण किया जाना शेष है ? विकासखण्डवार जानकारी दें ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) वर्ष 2007-2008 में विधान सभा कटघोरा, जिला कोरबा के जिन ग्रामों के मजरों/टोलों में विद्युतीकरण किया जाना प्रस्तावित है उनके विकासखण्डवार नाम एवं योजना के नाम †† संलग्न परिशिष्ट में दर्शाए गए हैं. (ख) उक्त में से जिन मजरों/टोलों में विद्युतीकरण के कार्य दिनांक 31-1-2008 तक पूर्ण किये जा चुके हैं, उनकी जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट में दर्शाई गई है. शेष मजरों/टोलों के कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करने के प्रयास किये जा रहे हैं. (ग) उपलब्ध जनगणना विवरण, जिसमें ग्रामों के अंतर्गत मजरों/टोलों/मुहल्लों का उल्लेख है, के अनुसार कटघोरा विधान सभा क्षेत्र में 37 ग्रामों के 57 मजरे/टोले ऐसे हैं, जिनकी जनसंख्या 100 से अधिक है तथा जिनका विद्युतीकरण किया जाना शेष है. इनमें से कटघोरा विकासखण्ड के 24 ग्रामों के 34 मजरे/टोले एवं पाली विकासखण्ड के 13 ग्रामों के 23 मजरे/टोले हैं.

नवा अंजोर कार्यक्रम के तहत आवंटित एवं व्यय राशि

5. (*क्र. 1266) **श्री चन्दूलाल साहू** : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) नवा अंजोर कार्यक्रम के तहत राजिम विधान सभा क्षेत्र की कौन-कौन सी ग्राम पंचायतों को सम्मिलित किया गया है ? (ख) उक्त ग्राम पंचायतों में किस-किस मद की कितनी-कितनी राशि वर्ष 2005-06, 2006-07, 2007-08 में आवंटित की गई एवं कितनी राशि व्यय की गई है ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चंद्राकर) : (क) नवा अंजोर परियोजना अंतर्गत राजिम विधान सभा क्षेत्र की विकासखण्ड छुरा के 42 ग्राम पंचायतें सम्मिलित है. पंचायतों की सूची पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "एक" में दर्शित है. (ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "दो" में प्रस्तुत है.

मध्यान्ह भोजन योजना हेतु चांवल की अनुपलब्धता

6. (*क्र. 1044) **श्री रविन्द्र चौबे** : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दुर्ग जिले के ग्रामीण क्षेत्र में स्थित शालाओं में मध्यान्ह भोजन योजना कितने पंचायतों में संचालित है ? (ख) विकासखण्ड बेरला की ग्राम पंचायतों में चांवल नहीं पहुंचने तथा राशि का अभाव रहने से वर्ष, 2007-08 में कितने दिन तक मध्यान्ह भोजन वितरण नहीं किया गया ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चंद्राकर) : (क) दुर्ग जिले के ग्रामीण क्षेत्र में स्थित शालाओं में मध्यान्ह भोजन योजना समस्त 998 पंचायतों में संचालित है ? (ख) विकासखण्ड बेरला की 79 ग्राम पंचायतों में से 26 ग्राम पंचायतों में चावल समय से न पहुंचने के कारण, 43 शालाओं में माह जनवरी एवं फरवरी में कुछ दिनों तक बच्चों को चाँवल पकाकर वितरित नहीं किया गया. चावल की आपूर्ति न होने के कारण बच्चों को पोहा एवं आलू वितरित किया गया. सभी ग्राम पंचायतों में योजनांतर्गत पर्याप्त राशि उपलब्ध है. 43 शालाओं की सूची ‡ संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है.

† परिशिष्ट "दो" †† परिशिष्ट "तीन" ‡ परिशिष्ट "चार"

रोजगार गारंटी योजनांतर्गत आवंटित एवं व्यय राशि तथा निष्पादित कार्य

7. ( *क्र. 1304) **श्री महेन्द्र कर्मा :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2007-08 में रोजगार गारंटी योजना के तहत केन्द्र सरकार ने कितनी राशि राज्य सरकार को उपलब्ध कराई ? जिलेवार कितना आवंटन किया गया ? (ख) वर्ष 2007-08 में रोजगार गारंटी योजना के तहत कितने लोगों को रोजगार दिया गया तथा कितनी राशि का भुगतान किया गया ? (ग) कांकेर जिले को वर्ष 2007-08 में रोजगार गारंटी योजना के तहत कितनी राशि उपलब्ध कराई गई थी ? उपलब्ध कराई गई राशि से कौन-कौन से कार्य कराये गये एवं कितना भुगतान किया जा चुका है ?

**पंचायत मंत्री** ( श्री अजय चंद्राकर) : (क) रुपये 101125.60 लाख उपलब्ध कराई गई. जिलेवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" में दर्शित है. (ख) 1834149 परिवारों को 884.69 लाख मानव दिवस के रोजगार उपलब्ध कराये गये और 62972.49 लाख रुपये का भुगतान किया गया. (ग) रुपये 9088.29 लाख उपलब्ध कराई गई. संपादित कार्य एवं व्यय की जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" में दर्शित है.

जैजैपुर में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता तथा सहायिका की नियुक्ति

8. ( *क्र. 1028) **श्री निर्मल सिन्हा :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जैजैपुर विकासखण्ड में कितने आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता एवं सहायिका की नियुक्ति की गयी है ? (ख) वर्तमान में कितने पद रिक्त हैं ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) जैजैपुर विकासखण्ड में 139 आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता एवं 149 सहायिका की नियुक्ति की गयी है. (ख) वर्तमान में 21 आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता एवं 11 आंगनबाड़ी सहायिका के पद रिक्त हैं.

सर्वशिक्षा अभियान के तहत स्वीकृत शाला भवन

9. ( *क्र. 1216) **श्री रामपुकार सिंह :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) पत्थलगांव विकासखण्ड में सर्व शिक्षा अभियान के तहत वर्ष 2003-2004 से वर्ष 2007-2008 तक कितने प्राथमिक शाला भवन तथा माध्यमिक शाला भवन निर्माण/स्वीकृत किये गये ? (ख) कितने कार्य अधूरे हैं ? अधूरे होने का कारण क्या है ? उन्हें कब तक पूर्ण किया जायेगा ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चंद्राकर) : (क) प्राथमिक शाला भवन निर्माण-54, उच्च प्राथमिक शाला निर्माण-38. (ख) 31 कार्य अधूरे हैं. अधूरे निर्माण का कारण 26 कार्यों का वर्तमान वित्तीय वर्ष का होना तथा शेष कार्यों में स्थल चयन विवाद व निर्माण एजेंसी द्वारा कार्य में विलंब है. अधूरे कार्यों को सत्रांत तक पूर्ण करने की कार्यवाही की जा रही है.

रायगढ़ जिले में रोजगार गारंटी योजना के तहत स्वीकृत कार्य

10. ( *क्र. 1137) **श्री नंदकुमार पटेल :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जुलाई, 2007 से जनवरी, 2008 तक रायगढ़ जिला पंचायत अंतर्गत विधान सभा क्षेत्र रायगढ़, खरसिया, सारंगढ़ तथा सरिया में कुल कितने-कितने कार्य राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजनांतर्गत स्वीकृत किए गए हैं ? (ख) विधान सभा क्षेत्र खरसिया एवं रायगढ़ की कितनी-कितनी ग्राम पंचायतों में एक से अधिक कार्य चल रहे हैं ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चंद्राकर) : (क) विधान सभा क्षेत्रवार निम्नानुसार कार्य स्वीकृत किये गये हैं :—

| क्रमांक (1) | विधान सभा क्षेत्र का नाम (2) | कार्य की संख्या (3) |
|---|---|---|
| 1. | रायगढ़ | 180 |
| 2. | खरसिया | 124 |
| 3. | सारंगढ़ | 118 |
| 4. | सरिया | 111 |
| | योग | 533 |

† परिशिष्ट "पांच"

(ख) विधान सभा क्षेत्र खरसिया अंतर्गत 27 ग्राम पंचायतों में तथा विधान सभा क्षेत्र रायगढ़ अंतर्गत 12 ग्राम पंचायतों में एक से अधिक कार्य चल रहे हैं.

ग्राम उत्कर्ष योजना के तहत स्वीकृत कार्य

11. (*क्र. 213) **श्री नोवेल कुमार वर्मा :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जांजगीर-चांपा जिले में दिनांक 1 अप्रैल, 2007 से 31 जनवरी, 2008 तक ग्राम उत्कर्ष योजना के तहत कितने कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है ? (ख) कंडिका "क" की योजना अंतर्गत चन्द्रपुर विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत कुल कितने कार्यों की, कितनी राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चंद्राकर) : (क) 318 कार्यों को स्वीकृति दी गयी. (ख) 36 कार्यों की, रुपये 69.65 लाख की स्वीकृति प्रदान की गयी.

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल द्वारा क्रय मीटरों की गुणवत्ता

12. (*क्र. 1204) **मोहम्मद अकबर :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल द्वारा वर्ष 2005 एवं 2006 में कौन-कौन से कितने-कितने मीटर कितनी-कितनी राशि के किस-किस कंपनी से खरीदे गए हैं ? (ख) क्या प्रदायित मीटरों का मापदण्डों के अनुरूप गुणवत्ता संबंधी परीक्षण कराया गया है ? यदि हां, तो कहां-कहां, कितने-कितने मीटरों को परीक्षण उपरांत स्वीकार/अस्वीकार किया गया ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल द्वारा वर्ष 2005 एवं वर्ष 2006 में मीटरों की खरीदी हेतु विभिन्न फर्मों को जारी किए गए आदेशों का विवरण † संलग्न परिशिष्ट में दर्शाया गया है. (ख) जी हां. प्रदायित मीटरों में से चुने गए रैन्डम सैंपलों का परीक्षण छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल अथवा सेंट्रल पॉवर रिसर्च इंस्टीट्यूट, भोपाल की प्रयोगशालाओं में कराया गया है. परीक्षण उपरांत स्वीकार/अस्वीकार किए गए मीटरों का विवरण † संलग्न परिशिष्ट में दर्शाया गया है.

ट्रांसफार्मर खरीदी हेतु आमंत्रित निविदा एवं भुगतान

13. (*क्र. 275) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2007-08 में कितने ट्रांसफार्मर कितने-कितने के.व्ही.ए. के खरीदे गए ? (ख) खरीदी हेतु टेण्डर कब-कब किए गए ? किन-किन फर्मों ने कितनी-कितनी दर पर टेण्डर भरा ? (ग) ट्रांसफार्मरों की सप्लाई किन-किन फर्मों ने किस-किस दर पर की तथा फर्मों को कितना-कितना भुगतान किया गया ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) वर्ष 2007-08 में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल द्वारा 5000 के.व्ही.ए. के 17 नग, 3150 के.व्ही.ए. के 10 नग, 500 के.व्ही.ए. के 13 नग, 315 के.व्ही.ए. के 225 नग, 200 के.व्ही.ए. के 912 नग, 100 के.व्ही.ए. के 5200 नग, 63 के.व्ही.ए. के 4200 नग ट्रांसफार्मरों की खरीदी हेतु आदेश जारी किए गए. (ख) प्रश्नांश (क) के उत्तर में उल्लेखित ट्रांसफार्मरों की खरीदी हेतु जारी किए गए टेंडरों की तिथि तथा विभिन्न फर्मों द्वारा टेंडरों में दी गई दरों का विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-I में दर्शाया गया है. (ग) प्रश्नांश (क) के उत्तर में उल्लेखित ट्रांसफार्मरों की सप्लाई करने वाली फर्मों उनकी दरों तथा फर्मों को किए गए भुगतान का विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-II में दर्शाया गया है.

जिला रायगढ़ में बी.आर.जी.एफ. योजना के तहत स्वीकृत कार्य

14. (*क्र. 747) **सुश्री कामदा जोल्हे :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायगढ़ जिले को बी.आर.जी.एफ. योजनान्तर्गत वर्ष 2007-08 के लिए कितना आवंटन प्राप्त हुआ ? (ख) जिले में इस योजना के तहत कौन-कौन से कार्य, कितनी-कितनी राशि के स्वीकृत हुए ?

† परिशिष्ट "छः"

**पंचायत मंत्री** ( श्री अजय चंद्राकर ) : ( क ) रायगढ़ जिले को बी.आर.जी.एफ. योजना अंतर्गत वर्ष 2007-08 के लिए रुपये 1767.00 लाख का आवंटन प्राप्त हुआ है. ( ख ) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट में दर्शित है.

नवाँ अंजोर योजना अंतर्गत आवंटित राशि एवं विकासखण्डों का चयन

15. ( *क्र. 1174 ) **श्री धर्मजीत सिंह :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) छत्तीसगढ़ प्रदेश में नवाँ अंजोर योजना के अंतर्गत कौन-कौन से विकासखण्डों का चयन किया गया है एवं इन विकासखण्डों में कितने समूह गठित किये गये हैं ? जिलेवार, विकासखण्डवार, समूह की संख्या सहित विवरण दें ? ( ख ) प्रश्नांश "क" में योजना हेतु वर्ष 2004-05, 2005-06, 2006-07 एवं वर्ष 2007-08 में आवंटित एवं व्यय की गई राशि बतायें ? ( ग ) क्या उक्त योजना के क्रियान्वयन हेतु एन.जी.ओ. को कार्य दिया गया है ? ( घ ) क्या प्रश्नांश "क" में पूछे गये योजना हेतु प्राप्त राशि से भवन, सी. सी. रोड का निर्माण एवं टी. व्ही. खरीदी गयी है यदि हां, तो कहां-कहां विकासखण्डवार, जिलेवार विवरण दें ?

**पंचायत मंत्री** ( श्री अजय चंद्राकर ) : ( क ) छत्तीसगढ़ प्रदेश में नवाँ अंजोर योजना अंतर्गत 40 विकासखण्डों का चयन किया गया है. जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-"एक" में दर्शित है. इन विकासखण्डों में 20228 समूह गठित किये गये हैं जिनमें से 17623 समूह स्वीकृत हैं. जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-"दो" में दर्शित है. ( ख ) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-"तीन" में दर्शित है. ( ग ) जी हां. जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-"चार" में दर्शित है. ( घ ) जी हां. जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-"पांच" में दर्शित है.

आई. सी. डी. सी. परियोजनाओं हेतु केन्द्र द्वारा प्रदत्त राशि

16. ( *क्र. 930 ) **श्री भूपेश बघेल :** क्या राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) राज्य में आई.सी.डी.सी. परियोजनाओं के अंतर्गत प्रशिक्षण के लिए वर्ष 2004-2005 से 6-2-2008 तक कितनी राशि केन्द्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई ? ( ख ) उपलब्ध राशि में से कितनी-कितनी राशि, किन-किन संस्थाओं को कब-कब उपलब्ध कराई गई ?

**राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास** ( सुश्री लता उसेंडी ) : ( क ) प्रश्नाधीन अवधि में केन्द्र सरकार द्वारा कुल 968.23 लाख रुपये की राशि प्रशिक्षण हेतु उपलब्ध कराई गई. ( ख ) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट अनुसार है.

बस्तर जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनांतर्गत स्वीकृत राशि

17. ( *क्र. 1312 ) **श्री लच्छूराम कश्यप :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनांतर्गत वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में बस्तर जिले में कितनी राशि प्राप्त हुई है ? विकासखण्डवार आवंटित राशि की जानकारी देवें? ( ख ) विकासखण्ड लोहण्डीगुडा एवं बास्तानार जिला बस्तर में उक्त समयावधि में इस योजना अंतर्गत कितने कार्य स्वीकृत किये गये हैं ? ( ग ) क्या राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनांतर्गत विकासखण्ड बास्तानार में वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में पौधे रोपण एवं भूमि मरम्मत हेतु राशि स्वीकृत की गई है ?

**पंचायत मंत्री** ( श्री अजय चंद्राकर ) : ( क ) वर्ष 2005-06 में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत बस्तर जिले में संचालित नहीं थी. वर्ष 2006-07 में इस योजना अंतर्गत 6203.81 लाख प्राप्त हुई. विकासखण्डवार आवंटन की जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. ( ख ) वर्ष 2005-06 में योजना संचालित नहीं थी. जी हां. वर्ष 2006-07 में विकासखण्ड लोहाण्डीगुडा अंतर्गत 140 कार्य एवं विकासखण्ड बास्तानार अंतर्गत 124 कार्य स्वीकृत किये गये. ( ग ) वर्ष 2005-06 में निरंक. जी हां. वर्ष 2006-07 में पौध रोपण एवं भूमि मरम्मत हेतु राशि स्वीकृत किये गये हैं.

जिला राजनांदगांव में उद्योगों को प्रास्पेक्टिंग तथा माईनिंग पट्टा जारी किए जाने हेतु केन्द्र शासन को प्रेषित अनुशंसा पत्र

18. ( *क्र. 923 ) **श्री उदय मुदलियार :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि राज्य शासन द्वारा राजनांदगांव जिले में 1-1-2005 से 31-1-2008 तक किन-किन उद्योगों एवं व्यक्तियों को लौह अयस्क की प्रास्पेक्टिंग तथा माईनिंग हेतु पट्टा दिए जाने हेतु केन्द्र सरकार को अनुशंसा पत्र भेजा गया है. अनुशंसा की तिथि सहित बताएं ?

† परिशिष्ट "सात"

मुख्यमंत्री ( डॉ. रमन सिंह ) : जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" एवं प्रपत्र "ब" पर दर्शित है.

विद्युत उत्पादन हेतु निष्पादित एम.ओ.यू. तथा संयंत्रों को पानी की आपूर्ति

19. ( *क्र. 1045) **श्री रविन्द्र चौबे** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) 1 जनवरी, 2004 से 31-1-2008 तक विद्युत उत्पादन हेतु प्रदेश में संयंत्र लगाने हेतु कुल कितने एम.ओ.यू. किये गये, निवेश राशि सहित सूची दी जाए ? (ख) उपरोक्तानुसार किये गये एम.ओ.यू. के आधार पर लगाने वाले संयंत्र के लिये कितनी पानी की आवश्यकता होगी तथा उसकी पूर्ति कहां-कहां से किया जाना प्रस्तावित है ? (ग) विद्युत उत्पादन संयंत्र लगाने हेतु किये गये एम.ओ.यू. में से कितने के द्वारा कार्य प्रारंभ कर दिया गया है ? स्थल सहित बतायें ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) दिनांक 1 जनवरी, 2004 से 31-1-2008 तक की अवधि में प्रदेश में विद्युत उत्पादन संयंत्र हेतु 44 एम.ओ.यू. किये गये हैं. निवेश की राशि एवं एम.ओ.यू. की सूची †† संलग्न परिशिष्ट में दर्शाई गई है. (ख) प्रश्नांश "क" के उत्तर में सम्मिलित एम.ओ.यू. के आधार पर प्रस्तावित विद्युत उत्पादन संयंत्रों हेतु 1000 मेगावाट के लिये लगभग 35 मिलियन घनमीटर वार्षिक पानी की मांग के आधार पर प्रतिवर्ष 980 मिलियन घनमीटर पानी की आवश्यकता अनुमानित है. उक्त आवश्यक पानी की आपूर्ति राज्य की विभिन्न नदियों से किया जाना प्रस्तावित है. (ग) प्रश्नांश "क" के उत्तर में सम्मिलित एम.ओ.यू. में से मेसर्स लैंको अमरकंटक पावर प्राईवेट लिमिटेड, हैदराबाद द्वारा ग्राम पथाड़ी, जिला-कोरबा के समीप निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है.

राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत सम्मिलित ग्राम तथा मजरा एवं टोलें

20. ( *क्र. 1205) **मोहम्मद अकबर** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या भारत सरकार द्वारा राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत जारी अधिसूचना दिनांक 18-3-2005 के आधार पर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल द्वारा दिनांक 14-5-2007 को अधिसूचना जारी की गयी है ? (ख) वीरेन्द्र नगर विधान सभा क्षेत्र के किन-किन ग्रामों एवं मजरा टोलों को इसमें शामिल किया गया है ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) जी हां. (ख) राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना में वीरेन्द्र नगर विधान सभा क्षेत्र के जिन ग्रामों एवं मजरों-टोलों को शामिल किया गया है, उनके नाम पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट में दर्शाये गये हैं.

---

† परिशिष्ट "आठ" †† परिशिष्ट "नौ"

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

## परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 1 (क्र. 922) के भाग (ख) की जानकारी ]

### मदवार एवं वर्षवार व्यय विवरण

जिला-राजनांदगांव

रु. लाख में

| स. क्र. | मद का नाम | वर्ष | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | शिक्षक वेतन | 252.112 | 513.179 | 672.045 |
| 2. | बी. आर. सी. | 16.760 | 17.309 | 17.571 |
| 3. | सी. आर. सी. | 16.875 | 5.676 | 7.611 |
| 4. | निर्माण कार्य | 887.145 | 1680.850 | 378.280 |
| 5. | ई. जी. एस./ए. आई. ई. | 0.711 | 2.324 | 0.000 |
| 6. | निः शुल्क पाठ्यपुस्तक | 0.069 | 0.000 | 0.000 |
| 7. | नवाचार | 9.537 | 0.116 | 12.750 |
| 8. | समावेशी शिक्षा | 0.678 | 8.807 | 5.454 |
| 9. | रखरखाव अनुदान | 107.235 | 88.760 | 95.005 |
| 10. | प्रबंधन (कार्या. वेतन, भत्ते) | 34.864 | 37.025 | 32.514 |
| 11. | रिसर्च एवं इवेल्यूएशन | 12.289 | 13.015 | 0.000 |
| 12. | शाला अनुदान | 49.380 | 49.220 | 51.780 |
| 13. | शिक्षक अनुदान | 30.085 | 24.870 | 30.835 |
| 14. | टी. एल. ई. | 93.900 | 50.020 | 14.000 |
| 15. | शिक्षक प्रशिक्षण | 48.344 | 51.972 | 25.278 |
| 16. | जनभागीदारी प्रशिक्षण | 6.944 | 6.894 | - |
| | **कुल व्यय** | **1566.928** | **2550.037** | **1343.123** |

## परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 3 (क्र. 770) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

### प्रपत्र "अ"

**रायपुर जिले के बलौदाबाजार एवं भाटापारा विकासखण्ड के अंतर्गत किये गये जेट्रोफा ( बगरंडा ) वृक्षारोपण की स्थानवार जानकारी**

| विकासखण्ड (1) | क्र. (2) | जेट्रोफा (बगरंडा) वृक्षारोपण स्थल का नाम (3) |
|---|---|---|
| बलौदाबाजार | 1. | गैतरा |
| | 2. | भाठागांव |
| | 3. | गैतरा |
| | 4. | भाठागांव |
| | 5. | चिचिरदा |
| | 6. | डमरू |
| | 7. | देवरी |
| | 8. | कारी |
| | 9. | रसेड़ा |
| | 10. | गैतरा |
| | 11. | देवरी |
| | 12. | कुकरदी |
| | 13. | सोनबरसा जंगल |
| भाटापारा | 1. | गुड़ेलिया |
| | 2. | बोरसी |
| | 3. | गोढ़ी |
| | 4. | तरेंगा |
| | 5. | केशला |
| | 6. | कोसमंदा |
| | 7. | सिंगारपुर |
| | 8. | गोढ़ी |
| | 9. | तरेंगा |
| | 10. | पासीद |
| | 11. | सिंगारपुर |
| | 12. | अमलीडीह |

प्रपत्र "ब"

**विकासखण्ड बलौदाबाजार एवं भाटापारा में स्थलवार किये गये जेट्रोफा ( बगरंडा ) वृक्षारोपण हेतु प्राप्त पौधों के स्त्रोतों की जानकारी**

| विकासखण्ड (1) | क्र. (2) | विभाग (3) | स्थल का नाम (4) | वृक्षारोपण हेतु प्राप्त पौधों के स्त्रोत (5) |
|---|---|---|---|---|
| बलौदाबाजार | 1. | कृषि | गैतरा | अभ्युदय संस्थान अछोटी, दुर्ग |
| | 2. | | भाठागांव | |
| | 3. | | गैतरा | चेतना केन्द्र अर्जुनी, भाटापारा |
| | 4. | | भाठागांव | |
| | 1. | वन | चिचिरदा | बलौदाबाजार, लटुआ, रोहासी, कचलोन, चिखली एवं देवरी नर्सरी. |
| | 2. | | डमरू | |
| | 3. | | देवरी | |
| | 4. | | कारी | |
| | 5. | | रसेड़ा | तरेंगा, बलौदाबाजार, रोहासी, लटुआ, धमनी, कचलोन नर्सरी. |
| | 6. | | गैतरा | |
| | 7. | | देवरी | |
| | 8. | | कुकरदी | |
| | 9. | | सोनबरसा जंगल | |
| भाटापारा | 1. | कृषि | गुड़ेलिया | अभ्युदय संस्थान अछोटी, दुर्ग |
| | 1. | वन | बोरसी | बलौदाबाजार, लटुआ, रोहासी, कचलोन, चिखली एवं देवरी नर्सरी. |
| | 2. | | गोढ़ी | |
| | 3. | | तरेंगा | |
| | 4. | | केशला | |
| | 5. | | कोसमंदा | |
| | 6. | | सिंगारपुर | |
| | 7. | | गोढ़ी | |
| | 8. | | तरेंगा | |
| | 9. | | पासीद | तरेंगा, बलौदाबाजार, रोहासी, लटुवा, धमनी, कचलोन नर्सरी. |
| | 10. | | सिंगारपुर | |
| | 11. | | अमलीडीह | |

## परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 4 (क्र. 532) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

**वर्ष 2007-08 में विधान सभा क्षेत्र कटघोरा जिला कोरबा के ग्रामों, जिनके मजरों/टोलों में विद्युतीकरण किया जाना प्रस्तावित है, उनके कार्य की वर्तमान स्थिति की विकासखण्डवार जानकारी**

| क्रमांक | विकासखण्ड का नाम | ग्राम का नाम | मजरा/टोला का नाम | योजना का नाम जिसके अंतर्गत विद्युतीकरण प्रस्तावित है | दिनांक 30-01-08 तक कार्य की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | कटघोरा | छुरीकला | रावणभाठा | छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की वार्षिक योजना | कार्य पूर्ण |
| | | | बेलहाभाठा | -तदैव- | लंबित |
| | | | हरिजनपारा | -तदैव- | लंबित |
| | | | रावतपारा | -तदैव- | लंबित |
| | | हुंकारा | मुड़ाभाठा | -तदैव- | कार्य पूर्ण |
| | | | स्कूलपारा | -तदैव- | लंबित |
| | | रंजना | पटेलपारा | -तदैव- | लंबित |
| | | राल | स्कूल मोहल्ला | -तदैव- | लंबित |
| | | धवईपुर | कोलपारा | -तदैव- | लंबित |
| | | बिरदा | तेंदुवाही | -तदैव- | लंबित |
| | | केसला | बिंझरीभाठा | -तदैव- | लंबित |
| | | सलोरा | कैलाशनगर | -तदैव- | लंबित |
| | | बसंतपुर | भाठापारा | -तदैव- | लंबित |
| 2. | पाली | उड़ता | घंटरीपारा | -तदैव- | लंबित |
| | | | चौकपारा | -तदैव- | लंबित |
| | | | मांझीपारा | -तदैव- | लंबित |
| | | | हरिजन मोहल्ला | -तदैव- | लंबित |
| | | जोरहा डबरी | भदरापारा | -तदैव- | लंबित |

## परिशिष्ट "चार"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 6 (क्र. 1044) के भाग (ख) की जानकारी ]

| क्र. (1) | ग्राम पंचायत का नाम (2) | क्र. (3) | शाला का नाम (4) | शालाओं में पका भोजन नहीं देने का दिनांक (5) | भोजन प्रदाय करने की वैकल्पिक व्यवस्था (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सुरूजपुरा | 1. | सुरूजपुरा | 16-01-2008 - 10-02-2008 | पोहा, आलू बनाकर दिया गया |
| 2. | सिंघौरी | 2. | सिंघौरी | 01-01-2008 - 04-02-2008 | पोहा, आलू बनाकर दिया गया |
| 3. | भेड़नी | 3. | भेड़नी | 02-01-2008 - 26-01-2008 | पोहा, आलू बनाकर दिया गया |
| | | 4. | डडजरा | 09-01-2008 - 14-02-2008 | पोहा, आलू बनाकर दिया गया |
| 4. | कोदवा | 5. | बुडेरा | 01-02-2008 - 12-02-2008 | पोहा, आलू बनाकर दिया गया |
| 5. | सौंढ़ | 6. | सौंढ़ | 06-02-2008 - 15-02-2008 | पोहा, आलू बनाकर दिया गया |
| | | 7. | क. सौंढ़ | 06-02-2008 - 15-02-2008 | पोहा, आलू बनाकर दिया गया |
| 6. | ताकम | 8. | पथरपुंजी | 02-02-2008 - 13-02-2008 | पोहा, आलू बनाकर दिया गया |
| 7. | भिलौरी | 9. | नया भिलौरी | 10-01-2008 - 24-01-2008 | पोहा, आलू बनाकर दिया गया |
| 8. | खर्रा | 10. | खर्रा | 07-01-2008 - 24-01-2008 | पोहा, आलू बनाकर दिया गया |
| 9. | देवरी | 11. | देवरी | 04-02-2008 - 14-02-2008 | पोहा, आलू बनाकर दिया गया |
| | | 12. | खल्हेदेवरी | 05-02-2008 - 19-02-2008 | पोहा, आलू बनाकर दिया गया |
| 10. | भटगांव | 13. | भटगांव | 23-01-2008 - 14-02-2008 | पोहा, आलू बनाकर दिया गया |
| | | 14. | श्रावनलाख | 22-01-2008 - 14-02-2008 | पोहा, आलू बनाकर दिया गया |
| 11. | अतरगढ़ी | 15. | अतरगढ़ी | 01-02-2008 - 14-02-2008 | पोहा, आलू बनाकर दिया गया |
| | | 16. | आंदू | 01-02-2008 - 14-02-2008 | पोहा, आलू बनाकर दिया गया |
| | | 17. | बुड़ाजोंग | 16-01-2008 - 14-02-2008 | पोहा, आलू बनाकर दिया गया |
| 12. | कुरूद | 18. | कुरूद | 01-02-2008 - 14-02-2008 | पोहा, आलू बनाकर दिया गया |
| | | 19. | पेण्ड्री | 08-02-2008 - 14-02-2008 | पोहा, आलू बनाकर दिया गया |
| 13. | शंका | 20. | शंका | 04-02-2008 - 13-02-2008 | पोहा, आलू बनाकर दिया गया |
| | | 21. | क.शंका | 04-02-2008 - 13-02-2008 | पोहा, आलू बनाकर दिया गया |
| | | 22. | झलमला | 04-02-2008 - 13-02-2008 | पोहा, आलू बनाकर दिया गया |
| 14. | रखेली | 23. | रखेली | 16-01-2008 - 14-02-2008 | पोहा, आलू बनाकर दिया गया |
| | | 24. | तिवरैया | 14-01-2008 - 21-01-2008 | पोहा, आलू बनाकर दिया गया |
| 15. | कठिया | 25. | कठिया | 24-01-2008 - 14-02-2008 | पोहा, आलू बनाकर दिया गया |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| 16. | खम्हरिया | 26. | खम्हरिया | 01-02-2008 - 14-02-2008 | पोहा, आलू बनाकर दिया गया |
| | | 27. | टेमरी | 01-02-2008 - 14-02-2008 | पोहा, आलू बनाकर दिया गया |
| 17. | किरितपुर | 28. | किरितपुर | 11-02-2008 - 14-02-2008 | पोहा, आलू बनाकर दिया गया |
| | | 29. | मांझीडेरा | 01-02-2008 - 14-02-2008 | पोहा, आलू बनाकर दिया गया |
| 18. | भरदा | 30. | भरदा | 28-01-2008 - 15-02-2008 | पोहा, आलू बनाकर दिया गया |
| 19. | चण्डी | 31. | चण्डी | 06-12-2007 - 04-01-2008 | पोहा, आलू बनाकर दिया गया |
| 20. | सिलपट | 32. | सिलपट | 07-02-2008 - 14-02-2008 | पोहा, आलू बनाकर दिया गया |
| | | 33. | कुम्ही | 01-02-2008 - 15-02-2008 | पोहा, आलू बनाकर दिया गया |
| 21. | दाबा | 34. | न. दाबा | 01-02-2008 - 15-02-2008 | पोहा, आलू बनाकर दिया गया |
| | | 35. | पु. दाबा | 01-02-2008 - 15-02-2008 | पोहा, आलू बनाकर दिया गया |
| 22. | खुड़मुड़ी | 36. | खुड़मुड़ी | 01-02-2008 - 15-02-2008 | पोहा, आलू बनाकर दिया गया |
| | | 37. | देवसरा | 01-02-2008 - 15-02-2008 | पोहा, आलू बनाकर दिया गया |
| 23. | भिंभौरी | 38. | भिंभौरी | 01-02-2008 - 15-02-2008 | पोहा, आलू बनाकर दिया गया |
| | | 39. | क. भिंभौरी | 01-02-2008 - 15-02-2008 | पोहा, आलू बनाकर दिया गया |
| 24. | नेवनारा | 40. | नेवनारा | 09-02-2008 - 15-02-2008 | पोहा, आलू बनाकर दिया गया |
| 25. | उफरा | 41. | उफरा | 05-02-2008 - 14-02-2008 | पोहा, आलू बनाकर दिया गया |
| 26. | बेरलाकला | 42. | बेरलाकला | 05-02-2008 - 14-02-2008 | पोहा, आलू बनाकर दिया गया |
| | | 43. | न. बेरलाकला | 05-02-2008 - 14-02-2008 | पोहा, आलू बनाकर दिया गया |

## परिशिष्ट "पांच"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 7 (क्र. 1304) के भाग (क) एवं (ग) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत जिलों को केन्द्र से प्राप्त राशि वर्ष 2007-08 ( 31-1-2008 ) की जानकारी**

| क्र. (1) | जिले का नाम (2) | केन्द्र से प्राप्त राशि (रु. लाख में) (3) |
|---|---|---|
| 1. | बस्तर | 9414.92 |
| 2. | बिलासपुर | 19280.74 |
| 3. | दंतेवाड़ा | 3331.56 |
| 4. | धमतरी | 5607.17 |
| 5. | जशपुर | 3979.15 |
| 6. | कांकेर | 6163.94 |
| 7. | कोरिया | 3200.00 |
| 8. | रायगढ़ | 7522.59 |
| 9. | राजनांदगांव | 8482.72 |
| 10. | सरगुजा | 10994.70 |
| 11. | कबीरधाम | 7404.46 |
| 12. | रायपुर | 6914.72 |
| 13. | महासमुंद | 2712.11 |
| 14. | कोरबा | 2233.72 |
| 15. | जांजगीर-चांपा | 3883.10 |
| | **योग** | **101125.60** |

प्रपत्र "ब"

**कांकेर जिले में वर्ष 2007-08 ( 31-01-2008 तक ) राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत कराये गये कार्यों एवं व्यय की जानकारी**

| क्र. | कार्य का नाम | सम्पादित कार्य | |
|---|---|---|---|
| | | संख्या | व्यय राशि (रु. लाख में) |
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | जल संरक्षण एवं जल संचय | 236 | 397.79 |
| 2. | सूखा से बचाव के लिए वृक्षारोपण और वन संरक्षण | 511 | 1512.69 |
| 3. | सिंचाई के सूक्ष्म एवं लघु सिंचाई परियोजनाओं | 26 | 50.21 |
| 4. | अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजाति परिवारों की जमीन तक सिंचाई की सुविधा पहुंचाना. | 870 | 365.21 |
| 5. | परंपरागत जल स्त्रोतों के पुनर्निर्माण एवं नवीनीकरण | 430 | 381.81 |
| 6. | भूमि विकास | 4784 | 3190.21 |
| 7. | बाढ़ नियंत्रण एवं सुरक्षा परियोजनाएं | 53 | 272.09 |
| 8. | ग्रामीण सड़क सम्पर्क | 1119 | 1815.25 |
| | **योग** | **8029** | **7985.26** |

परिशिष्ट "छ:"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 12 (क्र. 1204) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

**छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल द्वारा वर्ष 2005 एवं 2006 में मीटरों की खरीदी हेतु जारी किए गए आदेशों एवं परीक्षण उपरांत स्वीकार/अस्वीकार किए गए मीटरों का विवरण**

| क्र. | फर्म का नाम मेसर्स | निविदा क्रमांक | आदेश क्रमांक/दिनांक | मीटर का प्रकार व क्षमता | मीटर की संख्या | आदेश की कुल राशि सभी करों सहित रुपये में | प्रयोगशाला का नाम, जहां परीक्षण कराए गए | रैन्डम सैंपलों की संख्या | स्वीकृत मीटरों की संख्या | अस्वीकृत मीटरों की संख्या | टीप |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) |
| | | | | **वर्ष 2005** | | | | | | | |
| 1. | लार्सन एवं टुब्रो लिमिटेड, मुम्बई. | 83 | 1040/ 10-05-05 | एल. टी. सी. टी. थ्री फेस मीटर 100/5 एम्पीयर | 22903 | 13,51,37,319.26 | ** छ. रा. वि. मं. | 80 | 22903 | निरंक | |
| | | 102 | 1042/ 12-05-05 | एच. टी. ट्राय्वेक्टर थ्री फेस मीटर | 942 | 68,03,604.42 | छ. रा. वि. मं. | 19 | 942 | निरंक | |
| | | 118 | 1073/ 04-06-05 | थ्री फेस मीटर 20-100 एम्पीयर | 7,169 | 4,43,20,263.49 | *सी. पी. आर. आई.<br>छ. रा. वि. मं. | 12<br>12 | 3584<br>3585 | निरंक<br>निरंक | |
| 2. | सिक्योर मीटर लिमिटेड, उदयपुर. | 83 | 1041/ 10-05-05 | एल. टी. सी. टी. थ्री फेस मीटर 100/5 एम्पीयर. | 15,268 | 9,00,87,612.56 | छ. रा. वि. मं. | 64 | 15268 | निरंक | |
| | | 102 | 1043/ 12-05-05 | एच. टी. ट्राय्वेक्टर थ्री फेस मीटर | 1414 | 1,02,12,629.14 | छ. रा. वि. मं. | 34 | 1414 | निरंक | |
| | | 118 | 1074/ 04-06-05 | थ्री फेस मीटर 20/100 एम्पीयर | 9,818 | 6,06,96,937.78 | सी. पी. आर. आई.<br>छ. रा. वि. मं. | 11<br>21 | 4441<br>5377 | निरंक<br>निरंक | |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3. | बी. एच. ई. एल. रायपुर. | 89 | 1123/ 05-07-05 | सिंगल फेस मीटर 5-30 एम्पीयर | 1,20,000 | 9,06,57,600.00 | सी. पी. आई. आर. | 50 | 73000 | निरंक | |
| | | | | | | | छ. रा. वि. मं. | 153 | 47000 | निरंक | |
| 4. | जीनस पॉवर इन्फ्रास्ट्रक्चर्स लि., जयपुर. | 89 | 1124/ 05-07-05 | सिंगल फेस मीटर 5-30 एम्पीयर | 1,80,000 | 13,59,86,400.00 | सी. पी. आर. आई. | 33 | 42300 | 15001 | अस्वीकृत 15001 मीटर बदले जा चुके हैं. |
| | | | | | | | छ. रा. वि. मं. | 355 | 137700 | निरंक | |
| | | | | थ्री फेस मीटर 10-40 एम्पीयर | 34,750 | 8,66,55,727.50 | छ. रा. वि. मं. | 184 | 34750 | निरंक | |
| 5. | टी. टी. एल. लिमिटेड, नोएडा | 89 | 1122/ 05-07-05 | थ्री फेस मीटर 10-40 एम्पीयर | 20,850 | 5,19,93,436.50 | छ. रा. वि. मं. | 88 | 20850 | निरंक | |
| 6. | एमको लिमिटेड थाणे. | 89 | 1121/ 05-07-05 | सिंगल फेस मीटर 5-30 एम्पीयर | 3,00,000 | 22,66,44,000.00 | सी. पी. आर. आई. | 157 | 184000 | 549 | अस्वीकृत 549 मीटर बदले जा चुके हैं. |
| | | | | | | | छ. रा. वि. मं. | 176 | 116000 | निरंक | |
| | | | | **योग** | **7,13,114** | **93,91,95,530.65** | - | - | **7,13,114** | **15,550** | |

वर्ष 2006

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जीनस पॉवर इन्फ्रास्ट्रक्चर लि., जयपुर. | 89 | 1241/ 17-02-06 | थ्री फेस मीटर 10-40 एम्पीयर | 8,688 | 2,16,65,178.72 | सी. पी. आई. आर. | 15 | 8685 | 2000 | अस्वीकृत 2000 मीटर में से 1997 बदले जा चुके हैं. |
| | | 89 | 1286/ 05-07-06 | सिंगल फेस मीटर 5-30 एम्पीयर | 30,000 | 2,26,64,400.00 | सी. पी. आर. आई. | 12 | 30000 | निरंक | |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2. | टी. टी. एल. लिमिटेड, नोएडा. | 89 | 1242/ 17-02-06 | थ्री फेस मीटर 10-40 एम्पीयर | 5,212 | 1,29,97,112.28 | सी. पी. आर. आई. | 11 | 5212 | निरंक | |
| 3. | एमको लिमिटेड थाणे | 89 | 1282/ 03-07-06 | सिंगल फेस मीटर 5-30 एम्पीयर | 2,40,000 | 18,13,15,200.00 | सी. पी. आर. आई. | 103 | 239941 | 188 | अस्वीकृत 188 मीटर में से 129 बदले जा चुके हैं. |
| | | | | **योग** | **2,83,900** | **23,86,41,891** | - | - | **2,83,838** | **2188** | |
| | | | | **कुल योग** | **9,97,014** | **1,17,78,37,421.65** | - | - | **9,96,952** | **17,738** | |

* सी. पी. आर. आई. - सेन्ट्रल पॉवर रिसर्च इंस्टीट्यूट, भोपाल

** छ. रा. वि. मं. - छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल

## परिशिष्ट "सात"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 17 (क्र. 1312) के भाग (क) की जानकारी ]

**राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत बस्तर जिला को वर्ष 2006-07 में आवंटित राशि की विकासखण्डवार जानकारी**

| क्रमांक (1) | विकासखण्ड का नाम (2) | आवंटित राशि (रु. लाख में) (3) |
|---|---|---|
| 1. | जगदलपुर | 221.39 |
| 2. | बस्तर | 320.64 |
| 3. | बकावण्ड | 341.79 |
| 4. | बास्तानार | 163.08 |
| 5. | तोकापाल | 229.28 |
| 6. | लोहण्डीगुड़ा | 189.02 |
| 7. | दरभा | 221.93 |
| 8. | कोण्डागांव | 502.06 |
| 9. | माकड़ी | 186.05 |
| 10. | फरसगांव | 255.66 |
| 11. | केशकाल | 215.05 |
| 12. | बड़ेराजपुर | 249.61 |
| 13. | नारायणपुर | 187.56 |
| 14. | ओरछा | 46.44 |
| | योग | 3329.56 |

परिशिष्ट "आठ"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 18 (क्र. 923) की जानकारी ]

**प्रपत्र "अ"**

**दिनांक 01-01-05 से 31-01-08 तक जिला राजनांदगांव में खनिज लौह अयस्क के प्रास्पेक्टिंग लायसेंस हेतु केन्द्र सरकार को अनुशंसित प्रकरणों की जानकारी**

| स. क्र. | आवेदक कंपनी का नाम | ग्राम/कम्पार्टमेंट नंबर | रकबा (हेक्टर में) | केन्द्र शासन को प्रस्ताव प्रेषित करने का दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | श्री संतोष अग्रवाल, मे. राधाकृष्ण इस्पात | बोरियातिब्बू 533 | 300.000 | 18-01-05 |
| 2. | मेसर्स हरि मिनरल्स | बोरियातिब्बू 529, 531, 532 | 400.000<br>231.63 | 18-01-05<br>08-04-05 (संशोधित) |
| 3. | माँ बम्लेश्वरी माइंस एण्ड इस्पात लिमि. | साल्हेवारा | | |
| | | 113 | 173.750 | 11-07-05 |
| | | 114, 115, 49 | 361.300 | 11-07-05 |
| | | 116 | 125.900 | 11-07-05 |
| 4. | मेसर्स महेन्द्रा इस्पात एण्ड पावर प्रा. लि. | बोरियातिब्बू 532 पार्ट | 34.000 | 28-08-06 |
| 5. | मेसर्स मंगल आयरन एण्ड स्पंज प्रा. लि. | बोरियातिब्बू 532 पार्ट | 100.000 | 28-08-06 |
| 6. | मेसर्स धनकुल स्टील लिमि. | बोरियातिब्बू 532 पार्ट | 100.000 | 28-08-06 |
| 7. | मेसर्स अग्रवाल स्पंज आयरन प्रा. लि. | बोरियातिब्बू 531 पार्ट | 43.000 | 28-08-06 |
| 8. | मेसर्स जी. आर. स्पंज एण्ड पावर लिमि. | बोरियातिब्बू 529 पार्ट, 530 पार्ट | 152.000 | 28-08-06 |

प्रपत्र "ब"

**दिनांक 01-01-05 से 31-01-08 तक जिला राजनांदगांव में खनिज लौह अयस्क के मायनिंग लीज हेतु केन्द्र सरकार को अनुशंसित प्रकरणों की जानकारी**

| स. क्र. | आवेदक कंपनी का नाम | ग्राम/कम्पार्टमेंट नंबर | रकबा (हेक्टर में) | केन्द्र शासन को प्रस्ताव प्रेषित करने का दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक |

परिशिष्ट "नौ"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 19 (क्र. 1045) के भाग (क) की जानकारी ]

| क्रमांक (1) | संस्थान का नाम (2) | निवेश की अनुमानित राशि रुपये करोड़ में (3) | टिप्पणी (4) |
|---|---|---|---|
| 1. | मेसर्स धीरू पावरजेन प्राईवेट लिमिटेड, हैदराबाद | 2000 | दो वर्ष के लिए वैध. वैधता अवधि 19-10-06 को समाप्त होने पर स्वतः निरस्त. |
| 2. | मेसर्स इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर्स कोऑपरेटिव लिमिटेड, नई दिल्ली. | 7245 | |
| 3. | मेसर्स ए. ई. एस. (इंडिया) प्राईवेट लिमिटेड, नई दिल्ली. | 5500 | |
| 4. | मेसर्स आर. के. एम. पावर जेन प्राइवेट लिमिटेड, चेन्नई. | 5500 | |
| 5. | मेसर्स आर्यन कोल बेनीफिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली. | 1350 | |
| 6. | मेसर्स एस. व्ही. पावर प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद | 440 | |
| 7. | मेसर्स मारूती क्लीन कोल एंड पावर लिमिटेड, रायपुर. | 1070 | |
| 8. | मेसर्स भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड, नई दिल्ली. | 5000 | |
| 9. | मेसर्स स्पेक्ट्रम कोल एण्ड पावर लिमिटेड, मुम्बई | 220 | इस एम. ओ. यू. को अधिक्रमित कर दिनांक 01-02-08 को कुल रुपये 400 करोड़ निवेश हेतु नया एम. ओ. यू. संपादित. |
| 10. | मेसर्स पाटनी प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, मुम्बई | 2150 | |
| 11. | मेसर्स लैंको अमरकंटक पावर प्राईवेट लिमिटेड, हैदराबाद. | 3550 | दिनांक 04-06-07 को इस एम. ओ. यू. को अधिक्रमित कर कुल रुपये 5500 करोड़ हेतु नया एम. ओ. यू. संपादित. इस सूची के क्रमांक 26 में दर्शित. |
| 12. | मेसर्स भूषण पावर एंड स्टील लिमिटेड, नई दिल्ली | 4000 | |
| 13. | मेसर्स रायपुर एलायज एण्ड स्टील लिमिटेड, नागपुर | 2500 | दिनांक 07-01-08 को इस एम. ओ. यू. को अधिक्रमित कर कुल रुपये 5200 करोड़ निवेश हेतु नया एम. ओ. यू. संपादित. इस सूची के क्रमांक 38 में दर्शित. |

| (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|
| 30. | मेसर्स धीरू पावरजेन प्राईवेट लिमिटेड, हैदराबाद | 3100 | दिनांक 07-01-08 को इस एम. ओ. यू. को अधिक्रमित कर कुल रुपये 4000 करोड़ हेतु नया एम. ओ. यू. संपादित. इस सूची के क्रमांक 41 में दर्शित. |
| 31. | मेसर्स वंदना विद्युत लिमिटेड, रायपुर | 2500 | |
| 32. | मेसर्स डी. सी. एम. श्रीराम कॉन्सॉलीडेटेड लिमिटेड, नई दिल्ली. | 2700 | |
| 33. | मेसर्स वीसा पावर लिमिटेड, कोलकाता | 2600 | दिनांक 07-01-08 को इस एम. ओ. यू. को अधिक्रमित कर कुल रुपये 5000 करोड़ हेतु नया एम. ओ. यू. संपादित. इस सूची के क्रमांक 42 में दर्शित. |
| 34. | मेसर्स बी. एल. ए. छत्तीसगढ़ थर्मल पावर प्राइवेट लिमिटेड, मुम्बई. | 2500 | |
| 35. | मेसर्स ग्रीन इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राईवेट लिमिटेड, नई दिल्ली | 2700 | दिनांक 07-01-08 को इस एम. ओ. यू. को अधिक्रमित कर कुल रुपये 5200 करोड़ हेतु नया एम. ओ. यू. संपादित. इस सूची के क्रमांक 43 में दर्शित. |
| 36. | मेसर्स वंदना एनर्जी एंड स्टील्स प्राइवेट लिमिटेड, रायपुर. | 240 | |
| 37. | मेसर्स टी. आर. एन. एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली. | 2500 | |
| 38. | मेसर्स सारडा एनर्जी एण्ड मिनरल्स लिमिटेड, नागपुर (पूर्व में रायपुर एलायज एण्ड स्टील लिमिटेड) | 5200 | |
| 39. | मेसर्स डी. बी. पावर लिमिटेड, भोपाल | 5200 | |
| 40. | मेसर्स एस. के. एस. इस्पात एण्ड पावर लिमिटेड, मुम्बई. | 5200 | |
| 41. | मेसर्स धीरू पावरजेन प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद | 4000 | |
| 42. | मेसर्स वीसा पावर लिमिटेड, कोलकाता | 5000 | |
| 43. | मेसर्स एथेना छत्तीसगढ़ पवार प्राईवेट लिमिटेड, नई दिल्ली. | 5200 | |
| 44. | मेसर्स आर्यन कोल बेनीफिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली. | 5100 | |

| (1) | (2) | (3) | (4) |
| --- | --- | --- | --- |
| 14. | मेसर्स डी. बी. पावर लिमिटेड, भोपाल | 2500 | दिनांक 07-01-08 को इस एम. ओ. यू. को अधिक्रमित कर कुल रुपये 5200 करोड़ हेतु नया एम. ओ. यू. संपादित. इस सूची के क्रमांक 39 में दर्शित. |
| 15. | मेसर्स एस्सार पावर लिमिटेड, मुम्बई | 4600 | |
| 16. | मेसर्स इस्पात इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, कोलकाता | 2500 | दिनांक 04-06-07 को इस एम. ओ. यू. को अधिक्रमित कर कुल रुपये 5300 करोड़ हेतु नया एम. ओ. यू. संपादित. इस सूची के क्रमांक 27 में दर्शित. |
| 17. | मेसर्स आर्यन कोल बेनीफिकेशन प्राईवेट लिमिटेड, नई दिल्ली. | 2000 | दिनांक 08-01-08 को इस एम. ओ. यू. को अधिक्रमित कर कुल रुपये 5100 करोड़ हेतु नया एम. ओ. यू. संपादित. इस सूची के क्रमांक 44 में दर्शित. |
| 18. | मेसर्स टॉप वर्थ स्टील प्राइवेट लिमिटेड, मुम्बई | 2680 | |
| 19. | मेसर्स एम. के. एस. इस्पात एंड पावर लिमिटेड, मुम्बई. | 2400 | दिनांक 07-01-08 को इस एम. ओ. यू. को अधिक्रमित कर कुल रुपये 5200 करोड़ हेतु नया एम. ओ. यू. संपादित. इस सूची के क्रमांक 40 में दर्शित. |
| 20. | मेसर्स कोरबा वेस्ट पावर कंपनी लिमिटेड, नई दिल्ली. | 2930 | |
| 21. | मेसर्स बी. ई. सी. पावर प्राइवेट लिमिटेड, भिलाई | 2250 | |
| 22. | मेसर्स ओपेलीना फायनेन्स एंड इन्वेस्टमेन्ट प्राईवेट लिमिटेड, नई दिल्ली. | 5670 | दिनांक 31-01-08 को इस एम. ओ. यू. को संस्थान के आग्रह पर निरस्त कर दिया गया है. |
| 23. | मेसर्स नलवा स्टील एंड पावर लिमिटेड, नई दिल्ली | 5670 | दिनांक 18-02-08 को इस एम. ओ. यू. को संस्थान के आग्रह पर निरस्त कर दिया गया है. |
| 24. | मेसर्स टाटा पावर कंपनी लिमिटेड, मुम्बई | 5000 | |
| 25. | मेसर्स जी. एम. आर. एनर्जी लिमिटेड, बैंगलोर | 4500 | |
| 26. | मेसर्स लेंको अमरकंटक पावर प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद. | 5500 | |
| 27. | मेसर्स इस्पात इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, कोलकाता | 5300 | |
| 28. | मेसर्स महावीर ग्लोबल कोल लिमिटेड, नागपुर | 2250 | |
| 29. | मेसर्स महावीर एनर्जी एंड कोल बेनीफिकेशन लिमिटेड, बिलासपुर. | 240 | |